Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ●Friday, 12 September 2025 ●Year : 03 ●Issue : 238 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से हूं, जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया है। हम विश्व के सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते हैं।

–स्वामी विवेकानंद

Who Needs Promo When Divya Khossla's Dance...

SHARE

सेंसेक्स	:	81,548.73
निफ्टी	:	25,005.50

SARAFA

सोना	:	9,999.99
चांदी	:	140.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

NEW DELHI : नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर यानी शुक्रवार को अपने पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को सुबह 10 बजे सीपी राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। बता दें कि महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 452 वोट मिले थे। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 मत डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए।

सीआरपीएफ ने राहुल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन का लगाया आरोप

NEW DELHI : केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी आवाजाही के दौरान कथित तौर पर कुछ सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता 55 वर्षीय गांधी को ह्यजेड प्लस (एएसएल)ह्व सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करती है। जब भी राहुल गांधी कहीं जाते हैं, लगभग 10-12 सशस्त्र सीआरपीएफ कमांडो उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) के एक भाग के रूप में, बल गांधी द्वारा दौरा किए जाने वाले स्थानों का प्रारंभिक निरीक्षण करता है।

ट्रंप के करीबी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या

WASHINGTON : अमेरिका में उताह के एक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। किर्क अपने गैर लाभकारी राजनीतिक संगठन टर्निंग पॉइंट यूएसए द्वारा उताह वैली विश्वविद्यालय के सोरेंसन सेंटर प्रांगण में आयोजित एक बहस में बोल रहे थे। गोलीबारी से ठीक पहले, किर्क एक दर्शक द्वारा भीड़ पर गोलीबारी करने और हिंसा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

केवल साझेदार नहीं, बल्कि परिवार हैं भारत और मॉरीशस : पीएम मोदी

AGENCY VARANASHI : गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद कहा कि भारत और मॉरीशस केवल साझेदार नहीं बल्कि परिवार हैं। भारत और मॉरीशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मुलाकात की। काशी में आयोजित इस मुलाकात के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में भारत और मॉरीशस के बीच सात प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के साथ भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और मॉरीशस ओशनोग्राफी संस्थान के बीच समझौता, भारत के कर्मयोगी भारत कार्यक्रम और मॉरीशस के लोकसेवा मंत्रालय के बीच साझेदारी, विद्युत क्षेत्र में सहयोग, लघु विकास परियोजनाओं के दूसरे चरण में भारतीय अनुदान सहायता, हाइड्रोग्राफी क्षेत्र में समझौता नवीनीकरण और अंतरिक्ष अनुसंधान और अनुप्रयोगों के लिए उपग्रहों और प्रक्षेपण यानों के लिए ट्रैकिंग एवं टेलीमेट्री स्टेशन स्थापित करने पर सहयोग शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षा और शोध के लिए आईआईटी मद्रास व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के बीच दो अलग समझौते हुए।

- काशी में मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच हुए 7 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर
- पहली बार किसी राष्ट्राध्यक्ष से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मिले प्रधानमंत्री
- सांस्कृतिक आत्मीयता का प्रतीक है काशी और मॉरीशस का मधुर रिश्ता



काशी भारत की संस्कृति की आत्मा का प्रतीक

मॉरीशस की संप्रभुता के साथ खड़ा है भारत

पीएम ने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा मॉरीशस के उपनिवेशवाद-विरोधी रुख और उसकी संप्रभुता के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने मॉरीशस की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष आर्थिक पैकेज तैयार किया है, जिससे बुनियादी ढांचे को मजबूती, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मॉरीशस में यूपीआई और रूपे कार्ड की शुरुआत हुई थी।

मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र काशी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री का स्वागत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, अनादिकाल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवनधारा में रच-बस गए। मोदी ने कहा कि मार्च में उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था, जहां दोनों देशों ने संबंधों को संवर्धित रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया। उन्होंने चागोस समझौते पर मॉरीशस को बधाई दी और कहा कि यह उसकी संप्रभुता की ऐतिहासिक जीत है।

निरंतर सहयोग के लिए डॉ. रामगुलाम ने जताया आभार

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने भारत के निरंतर सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा, भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण, अक्षय ऊर्जा, अवसंरचना और समुद्री सुरक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में उदार सहयोग किया है। यह विशेष आर्थिक पैकेज हमारे लिए शिक्षा, ऊर्जा, अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं में नई संभावनाएं खोलेगा। आयुर्वेदिक केंद्र भी भारत के सहयोग से एक अद्वितीय पहल होगी।

सीएम ने नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले-

राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से करें जिम्मेदारियों का निर्वहन

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार कार्य हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित 19 अभ्यर्थियों में नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो और वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे, मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में आपकी भूमिका काफी अहम होगी।

- जेटीडीसी के लोगो और वेबसाइट को भी किया गया लॉन्च
- सभी सेक्टरों में लगातार किए जा रहे कार्य सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता
- पर्यटक स्थलों को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने की पहल

विकास के लिए जारी रहेगा नियुक्तियों का सिलसिला

शहरों का योजनाबद्ध तरीके से हो विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर लोग आ रहे हैं। इस वजह से शहर का आकार और जनसंख्या तेज गति से बढ़ रहा है। ऐसे में शहरों का व्यवस्थित तथा योजनाबद्ध तरीके से विकास जरूरी है। जिससे कि शहरों में उपलब्ध व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ शहरवासियों को अच्छी नागरिक सुविधा और सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि अगर शहर अव्यवस्थित तरीके से फैलेंगे तो उसके कई दुष्परिणाम और समस्याएं सामने आएगी। जिसका समाधान काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुदरत ने झारखंड को ना सिर्फ खनिज संपदा, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनोखा उपहार दिया है। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। लेकिन, कहीं ना कहीं किसी न किसी कारण से यह क्षेत्र अब तक विकास से अछूता रहा था। लेकिन, हमारी सरकार अपने राज्य की समृद्ध सामाजिक सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती को देश-दुनिया के मानचित्र पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आज पर्यटन विभाग से जुड़े लोगो एवं वेबसाइट का अनावरण किया गया है।

अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यहीं वजह है कि हमारी सरकार यहां के पर्यटक स्थलों के आकर्षक विकास के साथ-साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा फायदा यहां के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा।

हिंसाग्रस्त नेपाल में बढ़ाई गई निषेधाज्ञा, कुछ समय के लिए मिली आवाजाही की अनुमति

KATHMANDU @ PTI : गुरुवार को नेपाल की सेना ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों में निषेधाज्ञा बढ़ा दी है तथा कुछ निश्चित समयावधि के लिए लोगों की आवाजाही की अनुमति दे दी है। इससे हिंसक प्रदर्शनों के बाद इस हिमालयी राष्ट्र में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। इन हिंसक प्रदर्शनों के कारण केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। सेना सड़कों पर पहरा दे रही है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। नेपाल सेना की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि काठमांडू घाटी के तीन जिलों काठमांडू, ललितपुर और भक्तपुर में सुबह छह बजे से कर्फ्यू हटा लिया गया है। सेना द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि आम जनता को आवश्यक कार्यों के लिए कुछ घंटों की आवाजाही की अनुमति देने के बाद प्रतिबंधात्मक आदेश सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लागू रहेंगे। इसमें कहा गया है कि शाम पांच बजे से सात बजे तक ढील के बाद शुक्रवार शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक रात्रि कर्फ्यू लागू रहेगा। कर्फ्यू हटते ही लोग जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजारों, दुकानों और किराने की दुकानों की ओर दौड़ पड़े। सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखे।

हिंसा में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 34 : स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के अनुसार, रविवार शाम से 'जेन जी' समूह के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। बुधवार शाम जारी एक बयान में मंत्रालय ने बताया कि 1,061 लोग घायल हुए हैं। घायलों में से 719 को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 274 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- सेना सड़कों पर दे रही पहरा, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में स्थिति शांतिपूर्ण
- कर्फ्यू हटते ही जरूरी सामान खरीदने के लिए किराने की दुकानों की ओर दौड़ पड़े लोग
- काठमांडू में एक जेल से भागने के दौरान सेना की गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

अंतरिम नेतृत्व पर कई नामों की चर्चा

सूत्रों ने बताया कि अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की, काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह और बिजली बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुलमन घीसिंग में से किसे अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रदर्शनकारी 'जेन जी' समूह द्वारा अंतिम रूप से चुना जाएगा।

गिरा बीसीसीएल का क्वार्टर, तीन की मौत, छह घायल

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, बुलडोजर से ध्वस्त किए गए खाली आवास

PHOTON NEWS JHARIA : तेज बारिश की वजह से बुधवार की देर शाम लोदना-8 नंबर में बीसीसीएल का खाली व जर्जर क्वार्टर भरभराकर गिर गया। इस दुर्घटना में बारिश से बचने के लिए क्वार्टर के अंदर रुके 9 लोग आवास के मलबे में दब गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। इनमें से 3 लोगों की हालत काफी गंभीर होने की वजह से झरिया के एक नर्सिंग होम में इलाज के लिए भेज दिया। वहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख सभी को धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में लोदना-4 निवासी गोपाल मिस्त्री (30), उसकी भांजी सुषमा कुमारी (12) व बीसीसीएल कर्मी करमु पासवान का पुत्र चिराग कुमार (12) है। घटना में घायल शंभू पासी, आर्यन कुमार, आकिब अंसारी, सचिन यादव, अभि कुमार व बंटी कुमार इलाजरत हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मालूम हो कि लोदना-8 नंबर के कई लोगों को बीसीसीएल प्रबंधन व सुशी परियोजना के विस्तार व बस्ती के बीच से सड़क बनाने के लिए कुसुम बिहार व करमाटांड़ में आवास आवंटन किया गया था। कई लोग अपना घर खाली कर चले भी गए, पर खाली क्वार्टरों को बीसीसीएल द्वारा तोड़ा नहीं गया।

दो घंटे बाद पहुंचे, डीएसपी व झरिया सीओ

दुर्घटना के लगभग दो घंटे बाद सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार व झरिया सीओ घटनास्थल पहुंचे। डीएसपी ने मौके पर मौजूद एक साइकिल व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। डीएसपी ने कुछ लोगों को वार्ता के लिए लोदना ओपी बुलाया। डीएसपी ने लोगों से पूरी जानकारी ली। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि परिजनों की लिखित शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

गीला-सूखा कचरा अलग नहीं रखने वालों पर लगेगा 5000 रुपये जुर्माना

RANCHI : रांची नगर निगम स्वच्छता को बेहतर बनाने और स्वच्छ रांची-स्वस्थ रांची के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में कचरे के स्रोत पर पृथक्करण (गीला और सूखा कचरा अलग करना) को प्रोत्साहित करने को लेकर प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में निगम पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। प्रशासक ने कहा कि जो कचरा पृथक नहीं करेंगे, उनके भवन के बाहर नोटिस चस्पा किया जाएगा और 5000 रुपये तक जुमार्ना लगाया जाएगा।

'जेन-जी' समूह ने की संसद भंग करने और संविधान में संशोधन की मांग

सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे 'जेन-जी' समूह ने कहा कि संसद को भंग किया जाना चाहिए और लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने अपने विचार व्यक्त करने के लिए यहां एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जबकि उनके कुछ प्रतिनिधि वर्तमान राजनीतिक संकट का समाधान खोजने के लिए सेना मुख्यालय में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल के साथ विचार-विमर्श में व्यस्त थे। इस अवसर पर 'जेन जी' कार्यकर्ताओं ने बातचीत और सहयोग के माध्यम से समाधान खोजने की आवश्यकता पर बल दिया। 'जेन जी' समूह के प्रतिनिधि दिवाकर दंगल, अमित बनिया और जुनल दंगल ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पुराने राजनीतिक दलों को चेताया कि वे अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका इस्तेमाल न करें।

नई पहल पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में इनोवेशन पर किया जा रहा खास फोकस

रिसर्च के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रही आरडीआई योजना

PHOTON NEWS RESEARCH DESK : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया में विकास के ऐसे पायदान पर रखने के विजन से कम कर रहे हैं, जहां रिसर्च के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता हासिल करने की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दृष्टि से इस साल जुलाई में शुरू की गई रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) योजना को देखा जा सकता है। सेंट्रल कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ रहे हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहीं रिसर्च की गतिविधियों की प्रधानमंत्री मोदी स्वयं निगरानी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह योजना एक लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ अगले 50 वर्षों में भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचारकर्ता बनाने की महत्वाकांक्षा को मूर्त रूप देती है। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य देश में दीर्घकालिक, उच्च जोखिम वाले और अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में निजी निवेश को आकर्षित करना है। राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचार को जमीन पर उतारा जा सके।

तकनीकी आत्मनिर्भरता व वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में बढ़ रहे ऐतिहासिक कदम

- उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचारकर्ता बनाने की महत्वाकांक्षा को मूर्त रूप देती है यह स्कीम
- योजना पर अगले 50 वर्षों में लगभग एक लाख करोड़ रुपये खर्च करने का है बजट
- राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचार को जमीन पर किया जा रहा प्रेरित
- विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों की स्वयं प्रधानमंत्री कर रहे निगरानी



- अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में निजी निवेश को आकर्षित करने का तेजी से किया जा रहा काम

सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ेगी भूमिका

देखा जाए तो अब तक अनुसंधान और नवाचार का अधिकांश भार सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों और विश्वविद्यालयों पर रहा है। देश का कुल अनुसंधान व्यय आज भी सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.6% से 0.7% है, जो समय की मांग के हिसाब से कम है। सरकार की यह नई योजना इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास कर रही है, ताकि निजी पूंजी को अनुसंधान के क्षेत्र में लाया जा सके और तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था की नींव मजबूती बने।

बहुस्तरीय है योजना की संरचना

इस स्कीम का स्ट्रक्चर यानी संरचना बहुस्तरीय है। इसे अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा। इसकी सर्वोच्च नीति निर्धारण समिति की अध्यक्षता स्वयं प्रधानमंत्री करे रहे हैं। इसके अधीन एक कार्यकारी परिषद है, जो विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर योजना के दिशा-निर्देश तैयार कर रही है। इसके अलावा, कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों का एक समूह योजना की निगरानी और प्रगति का आकलन कर रहा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को योजना के समन्वय और नीतिगत क्रियान्वयन का प्रमुख प्रभार सौंपा गया है।

75 साल के हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

- 2009 से सरसंघचालक के रूप में निभा रहे प्रभावशाली भूमिका
- पीएम नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की नेतृत्व की सराहना

NEW DELHI @ PTI : गुरुवार यानी 11 सितंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत 75 साल के हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन के कई नेताओं ने आरएसएस के उनके नेतृत्व की सराहना की। गौरतलब है कि भागवत 2009 से सरसंघचालक के रूप में संगठन के विस्तार और अल्पसंख्यकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें एक मिलनसार, स्पष्टवादी आवाज के रूप में देखा जाता है, जिन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा के साथ सुचारू संबंध सुनिश्चित किए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि 1998 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी नीत गठबंधन सरकार के दौरान दोनों संगठनों के बीच संबंधों में जो सार्वजनिक कटुता आई थी, वह 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से नहीं दिखे।

वसुधैव कुटुंबकम का जीवंत उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी ने मोहन भागवत की 'बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व' की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2009 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल इस संगठन की 100 साल की यात्रा में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। भागवत के 75वें जन्मदिन पर गुरुवार को कई अखबारों में प्रकाशित लेख में मोदी ने कहा कि संघ प्रमुख 'वसुधैव कुटुंबकम' का जीवंत उदाहरण हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में समर्पित किया है।

बोकारो में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, पति-पत्नी की मौत

औद्योगिक क्षेत्र में हुई दुर्घटना, चालक पकड़ाया, लोगों ने किया सड़क जाम

PHOTON NEWS BOKARO: बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बियाडा (बोकारोऔद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार) के गोविंद मार्केट चौराहे पर गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतकों की पहचान गोडाबाली गांव निवासी संजीव कुमार सिंह और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। हादसे के दौरान ही मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बोकारो-रामगढ़ हाईवे जाम कर दिया, जिससे आमजन और स्कूली बच्चों को भी परेशानी हुई। लगभग चार घंटे तक सड़क जाम के बाद अंचल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों की मांग है कि तत्काल सड़क के चौड़ीकरण एवं वाहनों की आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटना न हो। जानकारी के अनुसार, संजीव कुमार सिंह अपनी पत्नी के साथ गोविंद मार्केट किसी काम से आए थे। उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे रोकी थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। बताया जाता है कि बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिदिन दो हजार से अधिक भारी वाहन गुजरते हैं। इंडियन ऑयल गैस प्लांट, डालमिया सीमेंट, भारत पेट्रोलियम गैस प्लांट, एचपीसीएल डिपो समेत कई बड़ी औद्योगिक इकाइयों से प्रतिदिन भारी वाहनों की आवाजाही होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बियाडा क्षेत्र की सड़क का निर्माण हुए 23 साल बीत चुके हैं। जब यह सड़क बनी थी, तब अधिकांश उद्योग बंद थे, लेकिन अब अधिकांश इकाइयां चालू हो चुकी हैं, जिससे वाहनों और मजदूरों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। दूसरी ओर सड़क के किनारे अतिक्रमण चरम पर है। सड़क किनारे जगह-जगह अवैध कब्जे और वाहनों की तेज रफ्तार के कारण इस वर्ष अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन शीघ्र अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण और यातायात नियंत्रण की ठोस व्यवस्था करे।

दुर्घटना के बाद ट्रक में फंसी बाइक ● फोटोन न्यूज

हजारीबाग में चार फर्जी एसीबी अधिकारी गिरफ्तार, दवा दुकानदारों से कर रहे थे वसूली

HAZARIBAG : हजारीबाग पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए खुद को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) का अधिकारी बताने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांटो खुर्द गांव में मेडिकल स्टोर संचालकों से अवैध वसूली कर रहे थे। एडिशनल एसपी अमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि ये चारों स्कॉर्पियो से मेडिकल स्टोर पहुंचे थे। उन्होंने फॉर्मल कपड़े पहन रखे थे, गले में नकली पहचान पत्र थे और पैरों में पुलिस के लाल जूते। उनकी स्कॉर्पियो पर 'एंटी करप्शन ब्यूरो' का बोर्ड भी लगा हुआ था। आरोपियों ने प्रत्येक दुकान से लाइसेंस जांच के नाम पर 10,000 रुपये की मांग की। हालांकि, उनकी संदिग्ध हरकतों को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। उन्होंने तुरंत स्कॉर्पियो को रोककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हजारीबाग के नंदूवीर राम, धनेसर राम, बोकारो के महेश पासवान और चतरा के अयोध्या पासवान के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से स्कॉर्पियो, फर्जी बोर्ड, चार नकली आईडी कार्ड, चार जोड़ी पुलिस जूते, एक मुहर और 2,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बाजार आई महिला की गई जान, बेटा गंभीर रूप से घायल

HAZARIBAG : बरही थाना अंतर्गत करियातपुर साप्ताहिक हाट के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में रानीचुआं ग्राम निवासी गुड़िया देवी की मौत हो गई। हादसे में उसका पांच वर्षीय बेटा अविनाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, महिला अपने बेटे को गोद में लेकर बाजार से लौट रही थी। इसी दौरान सब्जी लदा पिकअप वैन बरकट्ठा से बरही की ओर जा रहा था। वाहन ने सड़क किनारे चल रही महिला और बच्चे को टक्कर मार दी। धक्का लगते ही अविनाश सड़क किनारे गिर गया, जबकि गुड़िया देवी वाहन में फंस गईं। वैन ने उसे कुछ दूरी तक घसीट लिया। महिला का एक पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा दोनों मां-बेटे को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बरही के थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है। हादसे की खबर फैलते ही बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, रानीचुआं के मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, वरिष्ठ समाजसेवी गाजो टुडू, राजदेव यादव सहित कई ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। परिजन अत्यंत दुखी हैं। महिला की एक पुत्री समेत तीन छोटे बच्चे हैं। बताया गया कि वह अपने छोटे बेटे अविनाश को लेकर घरेलू सामान लेने बाजार गई थी।

अस्पताल में इलाजरत बच्चा

BRIEF NEWS

श्मशान घाट के पास मिली अवैध शराब फैक्ट्री

HAZARIBAG : दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा श्मशान घाट के पास खाली मैदान में एक बंद घर से पुलिस ने अवैध शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में शराब बनाने का सामान और नकली ब्रांडिंग सामग्री बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापामारी कर घर से लेबल, ढक्कन, स्टीकर, रैपर, खाली बोतल सहित बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की। इसके अलावा मौके से कुछ तैयार की हुई रंगीन शराब और बोतलबंद शराब भी बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि इस मिनी फैक्ट्री में नकली शराब तैयार कर विभिन्न इलाकों में खपाने की योजना थी। छापामारी के दौरान आरोपित मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और शराब माफिया तक पहुंचने के लिए छानबीन जारी है।

साहिबगंज में महिला मजदूर को डंपर ने रौंदा

SAHIBGANJ : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साक्षरता चौक के पास गुरुवार की सुबह एक डंपर ने चानन निवासी 35 वर्षीय कुंता देवी को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कुंता देवी मजदूरी करने के लिए बरहड़वा जा रही थी। उसने पड़ोस के एक युवक को साइकिल से साहिबगंज रेलवे स्टेशन तक छोड़ने को कहा था। वह साइकिल पर पीछे बैठी हुई थी। इसी बीच साक्षरता चौक के पास सामने से आ रहे डंपर ने धक्का मार दिया, जिससे महिला सड़क पर गिर गई। डंपर उसके ऊपर से गुजर गया। इस दुर्घटना में साइकिल चला रहा युवक भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को सदर अस्पताल भेजा। घटना के बाद चालक डंपर लेकर भागा, लेकिन कुछ लोगों ने उसका पीछा करना शुरू किया, तो भरतिया पेट्रोल पंप के पास चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सूचना मिलने पर पहुंची जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के पति पप्पू साह की दो माह पहले ही मौत हुई थी। उसे दो लड़का व एक लड़की। लड़की की शादी हो चुकी है। एक लड़का 10 तो दूसरा 12 साल का है।

अपराधियों का सरकारी तंत्र पर कब्जा : नीलकंठ

KHUNTI : सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की मुठभेड़ की सीबीआई जांच करानेऔर नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व ग्रामीण मडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रखंड पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संवेदनहीन भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनों-दिन बद से बदतर होती जा रही।

पेड़ से गिरकर हुए घायल की इलाज के दौरान मौत

अस्पताल पहुंचे परिजन व अन्य

KODERMA : जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत मुर्कमनाय गांव में गुरुवार दोपहर एक व्यक्ति के सिर पर पेड़ की टहनी गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मुर्कमनाय निवासी चंदन कुमार राय (52)के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे रंजीत राय ने बताया कि उनके चाचा को बगल गांव के प्रकाश साव ने एक पेड़ कटवाने के लिए मुर्कमनाय के बगल के गांव नावाडीह बुलाया था। वे और तीन-चार अन्य लोग उक्त पेड़ की कटाई के लिए वहां पहुंचे। पेड़ काटने के दौरान चंदन राय और उनके साथी पेड़ की एक टहनी को रस्सी से बांधकर नीचे की ओर खींच रहे थे। इसी दौरान रस्सी का संतुलन बिगड़ गया और पेड़ की टहनी इनके सिर पर गिर गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि चाचा के घायल होने के बाद वहां मौजूद इनके अन्य साथियों ने आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा लाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

दानापुर-राजगीर एक्सप्रेस का कोडरमा तक हुआ विस्तार

KODERMA : यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने पूर्व-मध्य रेलवे की 9 जोड़ी ट्रेनों के मार्ग विस्तार को मंजूरी दी है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने बताया कि ट्रेनों के विस्तार से यात्रियों को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ समेत अन्य पर्व-त्योहारों में यात्रा करने में बड़ी राहत मिलेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 13234/13233 दानापुर-राजगीर-दानापुर एक्सप्रेस का विस्तार कोडरमा तक किया गया है। अब 13234 ट्रेन दानापुर से सुबह 6.50 बजे खुलकर निर्धारित ठहराव पर रुकते हुए 10.35 बजे राजगीर पहुंचेगी। यहां से 10.40 बजे प्रस्थान कर नटेसर, तिलैया, पहाड़पुर, गुरपा और गझंडी स्टेशनों पर रुकते हुए दोपहर 1.55 बजे कोडरमा पहुंचेगी। वापसी में 13233 ट्रेन कोडरमा से दोपहर 2.40 बजे खुलेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 5.55 बजे राजगीर पहुंचेगी। यहां से शाम 6 बजे रवाना होकर निर्धारित समय पर रात 9.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस मार्ग विस्तार से कोडरमा और आसपास के यात्रियों को राजगीर और पटना जाने में सीधी सुविधा मिलेगी।

कोडरमा में शादी का झांसा देकर सहकर्मी का यौन शोषण

● एसपी ऑफिस का अकाउंटेंट भेजा गया जेल

KODERMA : कोडरमा जिले के एसपी ऑफिस में कार्यरत अकाउंटेंट अभिमन्यु कुमार को यौन शोषण के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय चौधरी की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी पाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अभिमन्यु कुमार पर उसी के विभाग में कार्यरत महिला सहकर्मी से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप था। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिस केंद्र कोडरमा में रहते थे, जहां उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं। महिला का आरोप था कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मुकर गया। मामले का पर्यवेक्षण तत्कालीन एसडीपीओ स्तर पर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने प्रभावी ढंग से पैरवी की, जिसके फलस्वरूप आरोपी को दोषी ठहराया गया। वर्तमान में अभिमन्यु कुमार कोडरमा एसपी कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। न्यायालय अब 16 सितंबर को सजा के निर्धारण पर सुनवाई करेगा।

प्रतीकात्मक तस्वीर

हाथियों ने युवक को कुचलकर मार डाला

LOHARDAGA : कैरो थाना क्षेत्र के गोपालगंज पतरा में हाथियों ने एक युवक को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान नायाटोली गांव निवासी याकूफ अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी (23) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। इरफान चाल्हो की ओर से घर लौट रहा था, तभी जंगल में मौजूद हाथियों के झुंड से एक हाथी बिछड़कर उसके पास पहुंच गया। हाथी को देखकर युवक जान बचाने के लिए भागने लगा, लेकिन हाथी ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और कुचल डाला। जिसके बाद परिजन आनन-फानन में इरफान को इलाज के लिए कुडू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कैरो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह से हाथियों का झुंड गोपालगंज जंगल में डेरा डाले हुए है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण प्रशासन से हाथियों को खदेड़ने की मांग कर रहे हैं ताकि आगे किसी बड़ी घटना को टाला जा सके।

किराएदार से मारपीट मामले में स्वास्थ्य मंत्री व उनके पिता बरी

PHOTON NEWS DUMKA : मधुपुर में वर्ष 2015 में जबरन मकान खाली करने व किराएदार से मारपीट के आरोपी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने गुरुवार को समझौता और सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। इस केस में पहले ही पीड़ित पक्ष ने अदालत से समझौता का अनुरोध किया था।

कोर्ट से बाहर निकलते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफाइन अंसारी ● फोटोन न्यूज

बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजा खान ने बताया कि दस साल पहले मधुपुर के मकबूल अंसारी ने तत्कालीन विधायक इरफान अंसारी व उनके पिता पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीसीआर केस दर्ज कराया था। मकबूल जिस मकान में किराएदार था, उसके मालिक ने वह घर विधायक इरफान अंसारी की मां को बेच दिया था। विधायक ने नियमानुसार मकान खाली करने को कहा तो पीड़ित ने झूठा आरोप लगाकर केस कर दिया। कुछ दिन पहले पीड़ित ने अदालत में समझौता करने का अनुरोध किया था। अदालत ने समझौता और सबूत के अभाव में दोनों को बरी कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मैंने किसी से मारपीट नहीं की। झूठा आरोप लगाकर मुझ पर केस कर दिया गया था, लेकिन न्यायालय पर पूर्ण आस्था थी। इसीलिए अदालत ने मुझे और पिता को बरी कर दिया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चाउमिन फैक्ट्री का लाइसेंस किया निलंबित

PALAMU : डालटनगंज में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता की स्थिति और मिलावट की रोकथाम को लेकर विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बाईपास रोड पर हाउसिंग कालोनी स्थित रोहन चाउमिन फैक्ट्री, आरएन फूड प्वाइंट एंड रेस्ट हाउस, लकी भोजनालय और राज बिरयानी सहित कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। रोहन चाउमिन फैक्ट्री में गंदगी और स्वच्छता की काफी कमी पाई गई। इसके साथ ही, खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन नहीं करने पर उसका लाइसेंस निलंबित कर उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया गया। आरएन फूड प्वाइंट एंड रेस्ट हाउस में साफ-सफाई और रख-रखाव में लापरवाही पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यहां से लिए गए पनीर के नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं, लकी भोजनालय और राज बिरयानी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता मानकों और खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

बोकारो स्टील प्लांट में गैस रिसाव, बड़ी दुर्घटना टली

BOKARO : बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम-03) स्थित एसिड रीजेनेरेशन प्लांट-3 (एआरपी-3) में गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे एक मामूली गैस रिसाव की घटना सामने आई। घटना के तुरंत बाद संयंत्र क्षेत्र में एहतियातन हड़कंप मच गई। हालांकि स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, गैस रिसाव ड्रेन पोर्ट की पाइपलाइन में एक छोटे होल के कारण हुआ था। गैस की गंध फैलते ही सभी कर्मचारी संयंत्र से सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। राहत की बात यह रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी मेडिकल डिपार्टमेंट (ईएमडी) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए संबंधित वाल्व को बंद कर दिया गया। साथ ही, गैस के असर को कम करने के लिए पूरे क्षेत्र में पानी का छिड़काव भी किया गया। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने जानकारी दी कि रिसाव बेहद मामूली था और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा अभियंत्रण विभाग और ईएमडी की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया है। वर्तमान में संयंत्र की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

प्लांट की फाइल फोटो

जांच परिसर की सफाई से लेकर कैदियों के भोजन तक की हुई पड़ताल

हजारीबाग जेल का उच्चाधिकारियों ने किया निरीक्षण

PHOTON NEWS HAZARIBAG : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत कुमार, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में गुरुवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उच्चाधिकारियों ने न केवल संपूर्ण कारा परिसर का अवलोकन किया, बल्कि सजायाफ्ता कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

प्रधान सत्र न्यायाधीश ने परिसर में कार्यरत सफाईकर्मियों की संख्या, कार्यावधि एवं उनके पारिश्रमिक भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को सफाईकर्मियों का रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण दल ने रसोईघर का भी अवलोकन किया और कैदियों के लिए बनाए जा रहे भोजन -दाल, रोटी, चावल आदि की गुणवत्ता की जांच की। परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर रोटी मेकर मशीन क्रियाशील नहीं पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के अंत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कारा प्रशासन को साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं एवं प्रशिक्षण कार्यों में और अधिक सुधार लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति, जिला योजना पदाधिकारी पंजक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा व जेल अधीक्षक भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण कर लौटते न्यायाधीश, डीसी व एसपी ● फोटोन न्यूज

अस्पताल वार्ड का भी देखा हाल

कैदियों के इलाज हेतु संचालित अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली गई। सिविल सर्जन को एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दवा की उपलब्धता, आइसोलेशन वार्ड तथा संचारी रोग से ग्रसित कैदियों को अलग वार्ड में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

प्रिंटिंग प्रेस का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में संचालित प्रिंटिंग प्रेस का भी अवलोकन किया गया। यहां सजायाफ्ता कैदियों द्वारा सरकारी कार्यालयों के प्रयोग हेतु फाइल फोल्डर एवं अन्य सामग्री का निर्माण किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को कारावास के दौरान प्रशिक्षण देकर पारिश्रमिक अर्जित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने पर बल देना है।

जिला स्तरीय खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 18-19 को

LATEHAR : निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निदेर्शानुसार 18 व 19 सितंबर को जिला स्तरीय खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में होगा। जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिलास्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता के पश्चात चयनित प्रतिभागियों को राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं जेएसएसपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन बैटरी टेस्ट (एसटीसी नॉर्म्स) एवं स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के सफल खिलाड़ियों को झारखंड खेल प्राधिकरण, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा निःशुल्क आवासान, भोजन, शिक्षा, खेल उपकरण, खेल सामग्री, बीमा, खेल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें 10 से 14 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

पत्नी की हत्या में दोषी करार पति को सुनाई गई उम्रकैद की सजा

चार साल बाद इंसाफ मिलने पर परिजनों की आंखों से छलके आंसू

PHOTON NEWS LOHARDAGA : जिले के पेशरार थाना क्षेत्र की दिल दहला देने वाली घटना में चार साल बाद फैसला आया है। 15 मार्च 2021 की रात को अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपित सच्चू महतो को लोहरदगा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-द्वितीय नीरजा आसरी की अदालत ने उम्रकैद और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत का फैसला सुनते ही मृतका के परिजनों की आंखों से आंसू छलक गए। इस मामले में लोक अभियोजक भारत राम ने गवाहों और साक्ष्यों को मजबूती से अदालत में पेश किया।

परिजनों ने बताया कि चार साल पहले घरेलू विवाद के बाद गुस्से में सच्चू महतो ने अपनी पत्नी की निर्ममता से हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को घर में बंद कर फरार हो गया था। सुबह जब घर से कोई आवाज नहीं आई तो परिजन पहुंचे। दरवाजा खुलवाने पर बेटी की लाश देखकर पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया था। परिजनों ने पेशरार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चार वर्ष तक चले मुकदमे में 10 गवाहों के बयान दर्ज हुए।

न्यायालय से फैसला आने के बाद मृतका के परिजनों ने कहा कि बेटी तो अब लौटकर नहीं आएगी, लेकिन अदालत के फैसले से उन्हें राहत मिली है। अदालत का यह फैसला समाज में अपराधियों के लिए चेतावनी है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

BRIEF NEWS

एचईसी कर्मचारियों के प्रमोशन व वेतन भुगतान को लेकर हुई बैठक

RANCHI : एचईसी में कार्यरत 2018 बैच के कर्मचारियों की पदोन्नति और लंबित वेतन भुगतान को लेकर आज बीएमएस कार्यालय, सीडी-241, सेक्टर 3 में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई ई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पांच वर्ष पूर्ण होने के बावजूद उन्हें अब तक प्रमोशन नहीं मिला है, जिससे कार्य के प्रति उत्साह में कमी आ रही है। कर्मचारियों ने बताया कि 2018 बैच की नियुक्ति तीन चरणों में हुई थी, लेकिन सभी को समान रूप से पदोन्नति से वंचित रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने कहा, हमने पूर्व में भी प्रबंधन से इस मुद्दे पर वार्ता की है और कई बैठकें हो चुकी हैं।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर किसान के दो बैलों की मौत

BERO : गुरुवार को नेहालु पंचायत के बरटोली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से किसान गुमदा उरांव का एक जोड़ा बैल मौत का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार, किसान ने बैलों को चरने के लिए खेत में रस्सी से बांध रखा था। इसी दौरान तेज बारिश के बीच बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। इस घटना में किसान गुमदा उरांव को भी हल्का झटका लगा, हालांकि वे बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत मुखिया वीरेंद्र भगत मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसान को ढांढस बंधाया। उन्होंने सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में किया प्रदर्शन

BERO : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी बेड़ो प्रखंड और नरकोपी मंडल के संयुक्त आह्वान पर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने किया, जबकि संचालन महामंत्री सह मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु ने किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैनर पर लिखे नारे आदिवासियों को न्याय दो, हेमंत सरकार जवाब दो नारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी शशिभूषण भगत और विशिष्ट अतिथि शशिकांत सिंह मौजूद रहे। सभा में बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजु दास, प्रदेश नेता रंजन अधिकारी, उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, मंत्री गणेश महथा एवं आदित्य ताम्रकार, एसटी मोर्चा अध्यक्ष बिरसा उरांव, सुखदेव कच्छप, राजेश साहु, युवा अध्यक्ष कमलेश लाल, सुमंती देवी, बिगा, शनी खेश, आशिष, संदीप, खुखरा मुखिया जतरू उरांव, महादेव कूजूर, प्रकाश, शक्ति राम, सुके, बुदू समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

राजधानी में तीन साल बाद भी चालू नहीं हो सका पंचकर्म चिकित्सा केंद्र

PHOTON NEWS RANCHI : लोगों की सुविधाओं और चिकित्सा क्षेत्र को व्यापकता देने के उद्देश्य से हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के सभी 24 जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र खोलने की घोषणा साल 2022 में ही की थी। आयुष मंत्रालय की ओर से इस दिशा में पहल भी हुई। इसके बाद सभी जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र खोलने को भवन बनाने के लिए हर केंद्र के लिए 55-55 लाख रुपये भी आवंटित किए गए हैं। झारखंड के कुछ जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र शुरू भी हुआ है, लेकिन राजधानी रांची में यह केंद्र अभी तक शुरू नहीं हो सका है। रांची के जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. साकेत कुमार का कहना है कि रांची में मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के बगल में पंचकर्म भवन बनाने के लिए जगह मिली है। उसमें भवन निर्माण का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि दो-तीन महीने में पंचकर्म चिकित्सा भवन का काम पूरा होने और बाउंड्री वॉल बनने के बाद ओपीडी शुरू हो जाएगा।

- हेमंत सरकार ने राज्य के सभी जिलों में 2022 में की थी केंद्र खोलने की घोषणा
- आयुष मंत्रालय की पहल पर हर जिले के लिए आवंटित हुए हैं 50 से 55 लाख रुपये
- मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के बगल में भवन बनाने के लिए मिली है जगह
- लगभग पूरा हो गया है भवन निर्माण का काम, जल्द बन जाएगी बाउंड्री वॉल
- आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा- दो-तीन महीने में चालू हो जाएगा केंद्र

आयुष निदेशक को भेजा गया है पत्र

सवाल उठता है कि दो-तीन महीने में पंचकर्म चिकित्सा के लिए ओपीडी कैसे शुरू होगा, जब आयुष निदेशालय के पास पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टरों और सहयोगी स्टाफ ही नहीं है। डॉक्टर साकेत कुमार ने बताया कि मानव संसाधन एवं अन्य जरूरतों को लेकर, आयुष निदेशक को पत्र भेजा गया है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द सभी जरूरतों को पूरी कर लिया जाएगा, ताकि राजधानी वासियों को भी पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से इलाज की वैकल्पिक सुविधा मिल सके।

पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की खासियत

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. साकेत कुमार का कहना है कि भारत में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के अनुसार, हमारे शरीर में वात, पित्त और कफ तीन दोष होते हैं। जब ये असंतुलित हो जाते हैं तो शरीर में रोग उत्पन्न होते हैं। पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की इस प्रक्रिया से इन सभी दोषों को संतुलित किया जाता है और शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकाले जाते हैं। उन्होंने बताया कि पंचकर्म की मुख्य 5 विधियों में वमन यानी उल्टी कराना, विरेचन, बस्ती (औषधीय एनीमा), नस्य (नाक से दवा देना) और रक्तमोक्षण शामिल है।

इन रोगों में खास तौर पर कारगर

पंचकर्म को डिटॉक्स थैरेपी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि गैस, कब्ज, अम्लपित्त, भूख न लगना, गठिया, कमर दर्द, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, त्वचा रोग, मानसिक रोग और श्वसन रोग में यह विशेष कारगर होता है। इसके साथ-साथ बीमारी से बचाव और सौंदर्य में भी इन दिनों पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की ख्याति बढ़ी है।



'पंचकर्म' आयुर्वेद में एक इलाज पद्धति है। उपचार के पांच प्रकार के कर्म की वजह से इसे पंचकर्म कहते हैं। इस पद्धति से मरीजों की सिर्फ बीमारी का ही इलाज ही नहीं होता है, बल्कि शरीर की गंदगियों को बाहर निकालकर शरीर को अंदर से शुद्ध किया जाता है।

– डॉ. साकेत कुमार, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी

सूर्या हांसदा की मौत और रिम्स-2 के जमीन अधिग्रहण का भाजपा ने किया विरोध

प्रखंड मुख्यालयों से लेकर जिला केंद्रों तक पार्टी कार्यकर्ताओं ने निकाला मार्च

PHOTON NEWS RANCHI : आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की कथित मुठभेड़ में मौत और रिम्स-2 के लिए आदिवासी जमीन अधिग्रहण के खिलाफ झारखंड भाजपा ने गुरुवार को राज्यव्यापी आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालयों से लेकर जिला केंद्रों तक पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। राजधानी रांची में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। उन्होंने आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की मौत की स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी समाज की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है और विकास परियोजनाओं के नाम पर उनकी पारंपरिक रायती जमीनें छीनी जा रही हैं। बाबूलाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हेमंत सरकार द्वारा आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हत्या और रिम्स-2 निर्माण के नाम पर आदिवासियों की जमीन लूटने के खिलाफ आज रांची में हजारों कार्यकताओं के साथ आक्रोश-प्रदर्शन में शामिल हुआ। भाजपा आदिवासियों के हक और सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ेगी।

हांसदा की मौत की सीबीआई जांच की बाबूलाल मरांडी ने उठाई आवाज

सूर्या हांसदा की हत्या की हो जांच : रघुवर

जब पूरा झारखंड दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी की मृत्यु के कारण शोकाकुल था, उनका श्राद्धकर्म चल रहा था। उस समय झारखंड की सिंडिकेट सरकार ने एक समाजसेवी और भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे आदिवासी युवक की फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। सबसे बड़ी बात है कि पुलिस के बयान में कहा गया कि 40-50 लोगों के दस्ते ने हमला कर दिया था। मेरा सवाल है कि केवल सूर्या हांसदा जी को गोली लगी। दूसरा सवाल ये है कि आज तक किसी और की शिनाख्त नहीं कर पाई है। इससे ज्यादा इसके फर्जी होने का क्या प्रमाण होगा। सूर्या हांसदा की माता और पत्नी ने इसकी सीबीआई जांच की मांग की है। मैं भी इसकी सीबीआई जांच की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में झारखंड में चार मेडिकल कॉलेज, कैंसर हॉस्पिटल और एम्स जैसे अस्पताल का निर्माण हुआ, लेकिन कहीं इसका विरोध नहीं हुआ। क्योंकि हमने कहीं पर भी खेतीहर जमीन नहीं ली।

अबुआ सरकार में हो रही आदिवासियों की हत्या

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़े। उनके ऊपर दर्ज मुकदमों से वे बरी होते जा रहे थे। 300 से अधिक गरीब बेसहारा बच्चों को पढ़ाते थे, उनके आवास भोजन की व्यवस्था करते थे। सूर्या हांसदा खान खनिज की बड़े पैमाने पर हो रही लूट का विरोध करने के कारण माफिया बिचौलियों के आंख की किरकिरी बन गए थे। राज्य सरकार बिचौलियों, दलालों, खनिज माफियाओं की संरक्षक है और उनके इशारे पर सूर्या हांसदा की नृशंस हत्या हुई है।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की जासूसी करने में जुटा खुफिया तंत्र : बाबूलाल

RANCHI : विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के खुफिया तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि चिंता की बात यह है कि लगातार दूसरे राज्यों की पुलिस झारखंड से आतंकी पकड़ रही है, जबकि राज्य की अपनी पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। खुफिया तंत्र का काम खतरों को भांपना और रोकथाम करना होता है, लेकिन यहां यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की जासूसी और गैरकानूनी गतिविधियों को संरक्षण देने में उलझा हुआ है। भाजपा नेता ने सीएम से कहा कि खुफिया तंत्र को मजबूत किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। सोशल मीडिया पोस्ट में बाबूलाल ने लिखा है कि रांची के इस्लाम नगर स्थित एक लॉज से दिल्ली पुलिस और एटीएस ने एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से खतरनाक केमिकल, हथियार और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई हैं। यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि झारखंड में आतंकी नेटवर्क सक्रिय हो चुका है और यहां की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक हो रही है।

आरआर स्पोर्टिंग क्लब इस वर्ष रातू रोड में बना रहा रोम की वेटिकन सिटी का पंडाल

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर शहर में तैयारियां जोरो पर है। इसे लेकर पूजा समितियां पूजा पंडाल का निर्माण तेजी से कर रही है। इस बार शहर की हर पूजा पंडाल खास और आकर्षक है। इसी क्रम में रातू रोड में आरआर स्पोर्टिंग क्लब इस वर्ष भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण कर रहा है। इटली के रोम शहर में स्थित वेटिकन सिटी का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। चार माह से पंडाल निर्माण कार्य में 70 से ज्यादा कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं। क्लब के संरक्षक विक्की यादव ने गुरुवार को बताया कि यह पंडाल वेटिकन सिटी की तरह दिखेगा।

पंडाल का निर्माण कोलकाता से आए कारीगर कर रहे हैं। मां की प्रतिमा भी बंगाल से ही मंगाई जा रही है। सिर्फ पंडाल निर्माण में लगभग 68 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। पंडाल पूरी तरह से ईको फ्रेंडली होगा। लाइटिंग भी बंगाल से मंगाई जा रही है। पूजा में सुरक्षा के विशेष इंतजाम होंगे। पूरा पंडाल सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में रहेगा। पंडाल और आसपास 40 निजी सुरक्षा गार्ड, 50 वॉलेंटियर और प्रशासन पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद दिखेंगे।

उन्होंने बताया कि पंडाल निर्माण में 68 लाख रुपये, मूर्ति में साढ़े चार लाख रुपये और लाइटिंग आठ लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मां की प्रतिमा बंगाल से मंगाई जा रही है। प्रतिमा की लंबाई सात फीट और चौड़ाई 12 फीट होगी। पंडाल का उद्घाटन पंचमी के दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। पंडाल में विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही भोग-भंडारे का वितरण होगा।

उन्होंने बताया कि आरआर स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक दिवंगत कृष्णा यादव हैं। अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव सहित अभिमन्यु सिंह यादव, अजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बबलू सिंह, सुभाष राय, मनोज अग्रवाल, साजन सेठ, अभिषेक तिवारी सहित अनेक सदस्य पूजा आयोजन में जोर-शोर से लगे हैं।

झारखंड में बाल श्रमिकों की संख्या में 78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज : अभिनाश कृष्ण

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में समाहरणालय में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल श्रम, बाल तस्करी, पुनर्वास, निगरानी तंत्र और कानूनी उपायों पर व्यापक चर्चा हुई। उप श्रमायुक्त अभिनाश कृष्ण ने बताया कि झारखंड ने बाल श्रमिकों की संख्या में 78% की गिरावट दर्ज की है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। उन्होंने यह भी कहा कि आज बाल श्रमिक पारंपरिक स्थानों से हटकर सामाजिक आयोजनों में दिखाई दे रहे हैं, जो आधुनिक जीवनशैली से प्रेरित हैं। ऐसे में सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता जरूरी है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने कहा कि बाल श्रम समाज की गंभीर विडंबना है और इससे निपटने के लिए केवल कानून नहीं, समाज की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य है और बाल श्रम को समाप्त करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य ● फोटोन न्यूज

5 वर्ष की कार्य योजना बना रहा झारखंड

बाल कल्याण संघ के सचिव संजय मिश्रा ने बताया कि झारखंड देश का पहला राज्य है जो बाल श्रम उन्मूलन हेतु 5 वर्षीय कार्य योजना बना रहा है। उन्होंने पुनर्वास और कौशल विकास को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई। वहीं सिमडेगा डीएसपी रणवीर सिंह और गुमला के श्रम अधीक्षक ने गरीबी और सामाजिक कारणों को बाल श्रम की जड़ बताया। उन्होंने कहा कि पुनर्वास में परिवारों को भी शामिल करना आवश्यक है ताकि वे दोबारा बाल श्रम के चक्र में न फंसे।

राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारियों का डीसी-एसएसपी ने लिया जायजा

सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने का दिया आदेश

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, डीआईजी-सह-एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा की गहन समीक्षा की। एसएसपी चंदन सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले पंडालों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही, सीसीटीवी कैमरे और पेट्रोलिंग टीमों के जरिए भीड़ पर लगातार नजर रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान रांची के प्रमुख पूजा पंडालों जैसे रातु रोड, गोशाला रोड, बकरी बाजार, झंडा चौक डोरंडा, काली बाड़ी, जिला स्कूल, व अन्य स्थानों का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने पूजा समितियों के सदस्यों को दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

- पूजा समितियों को निरंतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश
- आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए संपर्क में रहें
- श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को दें प्राथमिकता

पंडालों का निरीक्षण करते उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व अन्य ● फोटोन न्यूज

श्रद्धालुओं से की गई अपील

डीसी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उपायुक्त ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

पूजा समितियों को हर संभव मदद

पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए भी विशेष उपाय किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी और पूजा समितियों को हर संभव सहायता जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने बिजली आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था का भी आकलन किया। बिजली विभाग को निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति तारों को जोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

चिंताजनक जैप डीआईजी की ओर से उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट में हुआ खुलासा

झारखंड में बिना हथियार के ड्यूटी कर रहे सैकड़ों जवान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) और एसआईआरबी के जवानों की तैनाती को लेकर एक गंभीर सच्चाई सामने आई है। जैप डीआईजी की ओर से उपलब्ध कराई गई जवानों की रिपोर्ट में यह पता चला है कि कई बटालियनों में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी बिना हथियारों के ड्यूटी कर रहे हैं। यह स्थिति गंभीर है, क्योंकि बिना हथियार के ड्यूटी करना जवानों की सुरक्षा और काम दोनों के लिए खतरा बन सकता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कई आईआरबी बटालियनों में अनआर्म्ड (बिना हथियार वाले) कर्मियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चिंता का विषय है। रिपोर्ट मिलने के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस स्थिति पर तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने जैप डीआईजी को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आईआरबी में 15% से अधिक बल बिना हथियारों के न हो। इस आदेश का अनुपालन एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के लिए कहा गया है।

- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस स्थिति पर तुरंत लिया संज्ञान, समस्या दूर करने का निर्देश
- किसी भी आईआरबी में 15 प्रतिशत से अधिक जवान न हों बिना हथियारों के
- आदेश का अनुपालन एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के लिए दिया आदेश

आईआरबी से जुड़ी फैक्टफाइल

आईआरबी-09	कुल 529 आरक्षियों में से 202 आरक्षी बिना हथियारों के हैं।
आईआरबी-10	कुल 550 आरक्षियों में से 391 आरक्षी बिना हथियारों के हैं।
आईआरबी-05	कुल 587 आरक्षियों में से 111 आरक्षी बिना हथियारों के हैं।
आईआरबी-08	कुल 510 आरक्षियों में से 86 आरक्षी बिना हथियारों के हैं।

आदेश का सख्ती से पालन करें कमांडेंट : इसके साथ ही झारखंड के सभी आईआरबी कमांडेंट (समादेष्टा) को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे इन आदेशों का सख्ती से पालन करें। साथ ही डीजीपी ने कहा कि जैप डीआईजी की जिम्मेदारी होगी कि वे एक सप्ताह बाद उच्चाधिकारियों को सूचित करें कि सभी बटालियनों में इन निदेशों का पालन किया गया है या नहीं।

14 को होगा जितिया व्रत, संतान की दीर्घायु के लिए माताएं करेंगी निर्जला उपवास

PHOTON NEWS RANCHI : आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी 14 सितंबर को जितिया व्रत मनाया जाएगा। आचार्य मनोज पांडेय ने गुरुवार को बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 14 सितंबर को सुबह 08.41 बजे से आरंभ होगी, जो 15 सितंबर को सुबह 06.27 तक रहेगी। इसलिए पारण सुबह 6.27 बजे के बाद होगा। 13 सितंबर नहाय-खाय से शुरू होकर 15 सितंबर पारण कर व्रत का समापन होगा। उन्होंने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत में अष्टमी मध्याह व्यापिनी होनी चाहिए, जो 14 सितंबर को है। आचार्य ने बताया कि जितिया व्रत एक प्रदोष कालिक चंद्र व्यापनी व्रत है, जिसके चलते इसे सूर्योदय

काल से अधिक प्रदोष काल को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाता है। अगर प्रदोष काल में सप्तमी युक्त अष्टमी होती तो इसे करना सही नहीं होता है। हर त्योहार पर्व सूर्योदय से नहीं लिया जाता है, क्योंकि कुछ व्रत चंद्र व्यापनी होते हैं, जिसमे चंद्रमा की गति देखी जाती है। इनमें से कुछ व्रत जैसे पूर्णिमा अमावस्या, गणेश चौथ, करवा चौथ सहित अन्य शामिल हैं। इसी प्रकार यह व्रत भी प्रदोष कालिक है जिसका अर्थ है की जब प्रदोष काल में अष्टमी हो तब किया जाना चाहिए। इस बार पूरे दिन अष्टमी रहने के कारण और प्रदोष काल में पूर्णतः शुद्ध रूपेण अष्टमी होने के कारण इसे पहले दिन ही किया जाना चाहिए। व्रत तीन दिनों का होता है।

समाचार सार

मेन रोड के गड्ढों को भर रहे झामुमो नेता

GHATSILA : शहर की मुख्य सड़क जर्जर होने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। दाहीगोड़ा मेन रोड पर भी जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं।

इससे लोगों के आवागमन में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिलान्यास के बावजूद पूरे मानसून में लोग परेशान रहे। संवेदक ने बारिश का बहना बनाकर कार्य लटकाकर रखा था। ऐसे में दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए झामुमो कार्यकताओं ने कंक्रीट से सड़क पर बने गड्ढे को भरने का कार्य शुरू किया है। झामुमो नेता सोमेश चंद्र सोरेन की पहल पर यह कार्य किया जा रहा है। इस पहल में नगर अध्यक्ष विकास मजूमदार, मोहम्मद शाहिद, काजल डॉन, रिंकू सिंह, प्रकाश निषाद, रहमत अली, गुड्डू सिद्दिकी, सोमेन मिश्रा, सुशील मार्डी समेत कई कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

मुसाबनी के ग्राम प्रधान सोमाय टुडू का निधन

GHATSILA : मुसाबनी प्रखंड के ग्राम प्रधान व झामुमो के वरिष्ठ नेता

सोमाय टुडू (48) का गुरुवार को निधन हो गया। हालांकि उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के पहले ही मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। मृतक परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक के साथ पूर्व विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, आदिम उत्थान मंच के जिला अध्यक्ष लोबिन सबर, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सचिव माहेश्वर मुर्मू, कोषाध्यक्ष पालू माझी, बाबूलाल मुर्मू, हरीश भकत, सुनील किस्कू, गौरांगो महाली, सुशील मार्डी, सुखलाल हांसदा, अम्पा हेंब्रम, दुर्गा मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए 18 लोगों ने की दावेदारी

CHAIBASA : कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया को लेकर अंतिम दिन परिसदन में गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा व प्रदेश कांग्रेस द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने दावेदारों से वन-टू-वन बात की। अब तक 18 दावेदार सामने आए हैं, जिनमें वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, पूर्व जिलाध्यक्ष सन्नी सिंकू, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष रंजन बोयपाई, आदर्श अरुण बलमुचू, जिला उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, महासचिव अशोक बारिक, अविनाश कोड़ाह, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव सुरेश सवैयां, जिला उपाध्यक्ष पूर्ण चंद्र कायम, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आदित्य विक्रम तिरिया, युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष शिवकर बोयपाई, आरजीपीआरएस जिलाध्यक्ष रितेश तामसोय, जिला समन्वयक विधि प्रकोष्ठ मिली बिरुवा, पूर्व प्रत्याशी विजय सिंह सामड, अशोक सुंडी, पूर्व जिला संगठन सचिव राम सिंह सवैयां व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सनातन बिरुवा शामिल हैं।

एनएमएल में हुई श्रेष्ठ वेल्डर प्रतियोगिता

JAMSHEDPUR : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्डिंग (आईआईडब्ल्यू), जमशेदपुर शाखा ने सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल) के सहयोग से 11 सितंबर को सीएसआईआर-इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव के अंतर्गत ब्रांच स्तर श्रेष्ठ वेल्डर प्रतियोगिता कराई। यह आयोजन राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता-श्रेष्ठ से श्रेष्ठ वेल्डर-2025 का हिस्सा था। मुख्य अतिथि वीपी ठाकुर (टाटा स्टील) ने अवसंरचना की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में वेल्डिंग की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. केएल साहू, डॉ. आनंद प्रभाकरन और यूबी राव ने नवाचार, ऊर्जा दक्षता और कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. अतनु दास, प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-एनएमएल ने संयोजक एवं मुख्य आयोजक के रूप में दायित्व निभाया। आयोजन में वाई. उषा, रोशन कुमार और इंजीनियरिंग डिवीजन की टीम ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. मयूरी मंडल (एनआईटी जमशेदपुर) और आसिफ इकबाल (टीआरएफ) द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागी अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दौरान अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों जैसे रोबोटिक वेल्डिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी वेल्डिंग सिस्टम का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिला। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और भविष्य की अवसंरचना आवश्यकताओं के लिए सक्षम एवं दक्ष कार्यबल तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बर्माइंस में सड़क हादसा, युवक की मौत पर बस्तीवासियों ने किया सड़क जाम

PHOTON NEWS JSR : बर्माइंस स्थित मुखी बस्ती में गुरुवार तड़के हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। इस दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित बस्तीवासियों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

बताया जाता है कि गुरुवार को सुबह लगभग 3.30 बजे नामदा बस्ती निवासी शरणजीत सिंह अपने परिजन को स्टेशन लाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान उसकी बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि शरणजीत को लगभग 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में शरणजीत की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित बस्तीवासियों ने बर्माइंस में ट्यूब कंपनी गेट के पास सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और दोषी ट्रक चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि काफी देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही और क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा।

सड़क जाम करते लोग व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो • फोटोन न्यूज

सरायकेला के कपाली से रेस्क्यू किए गए चार बच्चे, अभिभावकों से मिले

SERAIKELA : बाल श्रम रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स ने गुरुवार को कपाली क्षेत्र में कबाड़ गोदामों पर छापेमारी अभियान चलाया। सूचना मिली थी कि यहां बच्चों से काम कराया जा रहा है। डालसा सचिव के निर्देश पर बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। अभियान में चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चे 14 वर्ष से ऊपर थे, जिन्हें चेतावनी देकर उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया। टास्क फोर्स के सदस्य सैयद आयाज हैदर ने गोदाम मालिकों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी नाबालिग (18 वर्ष से कम उम्र) से काम न कराएं। साथ ही गोदाम के बाहर बैनर लगाने का निर्देश दिया गया कि यहां बाल श्रमिक से काम नहीं कराया जाएगा। रेस्क्यू की गई जगहों में कपाली काड़ीपत्थर, डोबो पुलिया, अली मस्जिद क्षेत्र, बंधुगोड़ा और ताजनगर शामिल हैं। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन की कविता मिश्रा, युवा संस्था के मुकेश पांडेय, बाल कल्याण समिति की बिना रानी महतो व पद्मा गोराई, जिला बाल संरक्षण के माथुर मंडल, समीर महतो, चितरंजन कुमार और बिट्टू प्रजापती मौजूद थे।

मुक्त कराए गए बच्चों के साथ पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

गुड़ाबांदा के कारलाबेड़ा गांव पहुंचे डीसी, ग्रामीणों को आजीविका योजनाओं से जोड़ने पर दिया बल

सड़क, चेकडैम निर्माण, जल मीनार आदि को लेकर किया आश्वस्त

PHOTON NEWS JSR : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के गुड़ाबांदा प्रखंड के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत पहाड़ पर बसे कारलाबेड़ा गांव पहुंचे। लगभग 24 परिवारों वाला यह गांव लंबे समय से सड़क से वंचित है। ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी, जिस पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि गांव को न केवल सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा, बल्कि अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे भी चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे। उपायुक्त ने मौके पर ही पदाधिकारियों को गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल मीनार निर्माण तथा सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए चेकडैम निर्माण आदि को लेकर निर्देश दिया। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल पेयजल की समस्या का समाधान होगा, बल्कि खेती योग्य भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। गांव में ग्रामीण अभी पारंपरिक खेती करते हैं। उपायुक्त ने उन्हें नकदी फसल जैसे सब्जी उत्पादन, फल बागवानी, औषधीय पौधे आदि की ओर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नकदी फसल से ग्रामीणों को बेहतर आमदनी होगी, जिससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही पशुपालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन जैसी योजनाओं से जुड़ने पर उन्हें नियमित आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त होगा। सड़क निर्माण से गांव तक एंबुलेंस, शैक्षणिक सुविधाएं, बाजार से जुड़ाव और आपातकालीन सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। जल मीनार से सालभर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे जलजनित बीमारियों में कमी आएगी। चेकडैम बनने से वर्षा जल का संचयन होगा, भूमिगत जलस्तर बढ़ेगा और सिंचाई सुविधाएं बेहतर होंगी। नकदी फसल व पशुपालन से ग्रामीणों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे और पलायन की समस्या कम होगी। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होने से जीवन स्तर में समग्र सुधार होगा।

गांव की ओर जाते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी

2003 की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की सूची उपलब्ध

SERAIKELA : झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा साल 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची की कॉपी सभी के लिए उपलब्ध करा दी गई है। यह सूची सीईओ, झारखंड के वेबसाइट के दिए गए लिंक https://ceojh.jharkhand.gov.in/mrollpdf1/aceng.aspx पर जन साधारण के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। राज्य के प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। वैसे मतदाता जो रोजगार अथवा अन्य प्रयोजन से राज्य के बाहर निवास कर रहे हैं तथा वहां की मतदाता सूची में जुड़ चुके हैं, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध मतदाता सूची पर भी अपना नाम देख सकते हैं। इसके साथ ही राज्य में 18 सितंबर 2025 से 2003 के मतदाता सूची का प्रिंट कॉपी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) के कार्यालयों में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग कृत संकल्पित है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़ने से न छूटे।

आदिवासी 'हो' समाज महासभा ने निकाली भाषा अधिकार रैली

रैली में शामिल समाज के लोग • फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : आदिवासी 'हो' समाज महासभा ने गुरुवार को भाषा सम्मान अधिकार रैली निकाली। इसके अंत में डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें चक्रधरपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर हो वारांगक्षिति लिपि में बोर्ड लगाने और ट्रेनों की उद्घोषणा करने की मांग की गई। इस रैली में मनोहरपुर, सोनुआ, गोइलकेरा, चक्रधरपुर और चाईबासा समेत आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। इससे पहले महासभा ने घाघरा स्टेशन में पूर्व में हो भाषा में लिखे स्टेशन के बोर्ड से नाम हटाए जाने का विरोध किया और डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हो भाषा को रेलवे स्टेशनों पर उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। डीआरएम ने महासभा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और एक माह के भीतर कार्रवाई की जाएगी। आदिवासी हो समाज महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

शेषनाथ सिंह 'शरद' को मिलेगा श्रेष्ठ हिंदी शिक्षक का सम्मान

JAMSHEDPUR : सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन प्रत्येक वर्ष राजभाषा हिंदी दिवस पर 13 सितंबर को एक हिंदी शिक्षक को सम्मानित करता है। इस वर्ष वरिष्ठ हिंदी शिक्षक व प्रसिद्ध कवि शेषनाथ सिंह 'शरद' का चयन किया गया है। मचकिया, जिला शाहाबाद, बिहार में जन्मे शेषनाथ सिंह ने स्नातक के बाद अपने गांव में ही एक विद्यालय की स्थापना की और उसे हाई स्कूल स्तर तक पहुंचाया। कुछ समय उपरांत विद्यालय स्थानीय ग्रामीणों की निगरानी में छोड़ फकीरी का जीवन अपनाया एवं मंचों से देशभक्ति की ओजस्वी वीर रस की कविताओं का वाचन करते रहे। इमरजेंसी के विरोध में होने वाली अनेक सभाओं में मुख्य वक्ता के पूर्व इनकी कविताओं से जनता में जोश भरा जाता था। 1981 में जमशेदपुर आगमन हुआ। ततपश्चात उनकी नियुक्ति साकची हाई स्कूल में हिंदी शिक्षक के रूप में हुई, जहां उन्होंने 2011 तक हिंदी की शिक्षा दी। सेवानिवृत्ति के पश्चात वर्कर्स कॉलेज में अतिथि शिक्षक के रूप में कोरोना काल तक पढ़ाते रहे। इन्हें 'शरद' उपनाम वरिष्ठ कवि श्याम नारायण पांडेय ने दिया।

मंचों-कवि सम्मेलनों में उन्हें महादेवी वर्मा, जानकी वल्लभ शास्त्री, गोपाल दास नीरज, बुद्धिनाथ मिश्र जैसे नामचीन कवियों का संग एवं आशीर्वाद मिला।

शेषनाथ सिंह 'शरद'

आलोक दुबे बने बिष्टुपुर के थाना प्रभारी कदमा की कमान संभालेंगे प्रवेश चंद्र सिन्हा

जिले की पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसएसपी ने किए ट्रांसफर

PHOTON NEWS JSR: पूर्वी सिंहभूम जिले में बेहतर प्रशासनिक नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडेय ने बुधवार देर रात व्यापक स्तर पर तबादला आदेश जारी किया। इस फेरबदल में जिले के कई थानेदारों और पदाधिकारियों को नए पदस्थापन स्थल पर भेजा गया है। आदेश के साथ ही सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से योगदान करने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर को अंचल निरीक्षक मुसाबनी बनाया गया है। सोनारी थाना प्रभारी सरयू आनंद और गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार को साइबर अपराध थाना, जमशेदपुर भेजा गया है। वहीं कदमा थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे को बिष्टुपुर थाना का नया प्रभार सौंपा गया है और साइबर थाने में तैनात प्रवेश चंद्र सिन्हा को कदमा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। मानगो के यातायात थाना प्रभारी बंधन भगत को यहां से हटा कर साइबर थाना भेज दिया गया है। जुगसलाई के थाना प्रभारी मधुसूदन डे को यहां से हटा कर सोनारी थाना प्रभारी बनाया गया है। साइबर अपराध थाना में तैनात संजय सुमन को गोलमुरी थाना की कमान दे दी गई है। अब वह गोलमुरी थाना प्रभारी होंगे। पुलिस केंद्र गोलमुरी में पदस्थापित पवन कुमार को धालभूमगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि कदमा थाना के अंकु कुमार को गालुडीह थाना प्रभारी बनायार गया है। मानगो थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को बरसोल थाना का दायित्व सौंपा गया है। बिष्टुपुर थाना के कुमार सुमित यादव को गुड़ाबांदा थाना प्रभारी बनाया गया है। एमजीएम थाना के पंचम तिग्गा को डुमरिया थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। हरिऔध करमाली को मानगो ट्रैफिक थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि अंचल निरीक्षक मुसाबनी संजय जनक मूर्ति को जुगसलाई ट्रैफिक थाना भेजा गया है। डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा को एमजीएम थाना और गुड़ाबांदा थाना प्रभारी राजीव कुमार-2 को पुलिस केंद्र गोलमुरी स्थानांतरित किया गया है। धालभूमगढ़ थाना प्रभारी मो. अमीर हमजा को कदमा थाना और गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश को बिष्टुपुर थाना भेजा गया है। बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार को मानगो थाना में पदस्थापित किया गया है। वहीं जुगसलाई थाना की रूपा पाल को स्थानांतरित कर साकची महिला थाना का प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे बिना देर किए अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान दें और इसकी रिपोर्ट अविलंब प्रस्तुत करें।

एसएसपी पीयूष पांडेय

राजनीति रिम्स-2 के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ भी उठाई गई आवाज, पटमदा व बोड़ाम समेत सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर हुआ प्रोटेस्ट

भाजपाइयों ने उठाई सूर्या हांसदा एनकाउंटर में सीबीआई जांच की मांग

PHOTON NEWS JSR : गोड्डा में भाजपा नेता सूर्या हांसदा के एनकाउंटर और रांची के नगड़ी में रिम्स टू के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले के विरोध में गुरुवार को जमशेदपुर महानगर, भाजपा ने आक्रोश प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। प्रदर्शन में भाजपाइयों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। उसे आदिवासी विरोधी बताया गया। सांसद ने मांग की कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

इसके साथ ही रिम्स-2 के लिए नगड़ी में भूमि अधिग्रहण का भी विरोध किया गया। कहा गया कि किसानों की जमीन का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। इन मांगों को लेकर डीसी ऑफिस में राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया।

भाजपा कार्यकताओं ने उपायुक्त कार्यालय, अंचल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय के समक्ष जुलूस निकालकर नारेबाजी की और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस समय शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म चल रहा था, उसी दौरान सूर्या हांसदा को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा धर्मांतरण, घुसपैठ और माफिया के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे, लेकिन झामुमो और कांग्रेस उन्हें अपराधी बताकर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा कि भाजपा की दो मुख्य मांगें हैं। पहली सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराई जाए और रिम्स-2 के निर्माण के लिए आदिवासी भूमि का जबरन अधिग्रहण रोका जाए। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने राज्य सरकार पर आदिवासियों के अधिकारों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार केवल राजनीतिक हित साधने में जुटी है।

उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देते हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

आदिवासियों की हत्या बंद करो, किसानों की जमीन वापस करो : भाजपा

CHAIBASA : भाजपा ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में गुरुवार को एक साथ धरना-प्रदर्शन किया। इसमें सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने और नगड़ी के रैयतों की जमीन वापस दिलाने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में सदर प्रखंड मुख्यालय चाईबासा में हुए विशाल धरना-प्रदर्शन में प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, नगर अध्यक्ष पवन शर्मा, वरिष्ठ नेता हेमंत कुमार केसरी, जय किशन बिरुली, नितिन विश्वकर्मा, रवि शंकर विश्वकर्मा, जूली खत्री, पंकज खिरवाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का धरना-प्रदर्शन

घाटशिला में रैली का नेतृत्व करते सांसद बिद्युत बरण महतो

GHATSILA : प्रदेश भाजपा कमेटी के निदेर्शानुसार गुरुवार को घाटशिला प्रखंड कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सांसद बिद्युत बरण महतो के अलावा कई नेता शामिल थे। भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी है। झारखंड राज्य के गोड्डा में समाजसेवी एवं जनता के नेता सूर्या हांसदा को 11 अगस्त को अपराधी घोषित करके फर्जी एनकाउंटर कर मार दिया गया। घटना के विरोध में भाजपा सीबीआई जांच की मांग कर रही है। नगड़ी में आदिवासियों की खेतिहर जमीन पर जबरन रिम्स २ बनाने के नाम पर सरकार द्वारा जमीन छीनने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में भाजपा पूरे राज्य के जिला व प्रखंड कार्यालयों पर विरोध प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अंत में अंचलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान लखन मार्डी, जिला मंत्री गीता मुर्मू, मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार, मंटू प्रजापति, रविशंकर सिंह, ब्रजेश सिंह, बुद्धेश्वर मार्डी, दीपक दंडपात सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?

यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'

यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।

एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।

एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।

सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है। मांसपेशियों में ऐंठन से राहत सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

नेपाल में भ्रष्टाचार व परिवारवाद के खिलाफ युवाओं के जबरदस्त आक्रोश को दुनियाँ के हर देश को संज्ञान में लेना जरूरी

किशन सनमुखदास भावनानी

अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नेपाल में युवाओं का आक्रोश, सत्ता पलट और दक्षिण एशिया की राजनीति-एक अंतरराष्ट्रीय विश्लेषणविश्व मैं युवा पीढ़ी ही अपनें देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाली है. नेपाल में भ्रष्टाचार व परिवारवाद के खिलाफ युवाओं के जबरदस्त आक्रोश को दुनियाँ के हर देश को संज्ञान में लेना जरूरी हैं।

नेपाल में पिछले कुछ दिनों में घटित राजनीतिक घटनाक्रम ने पूरे दक्षिण एशिया को हिला दियाहै।भ्रष्टाचार और परिवारवाद से त्रस्त जनता, खासकर युवाओं के जबरदस्त आक्रोश ने मात्र 36 घंटे में सत्ता की गद्दी हिला दी। पाँच पूर्व प्रधानमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने स्थिति को और अधिक उग्र बना दिया। सत्ता पलट की इस तेजी ने यह संकेत दिया है कि नेपाल की जनता अब किसी भी कीमत पर अपारदर्शी शासन स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। जिस प्रकार आम लोग और युवा सड़कों पर उतरे, उसने यह साफ कर दिया कि दक्षिण एशिया में लोकतंत्र तभी जीवित रह सकता है जब वह जनता के विश्वास पर आधारित हो।नेपाल की कुल जनसंख्या का लगभग 20 प्रतिशत यानी 62 लाख लोग युवा हैं, और यही वर्ग देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाला है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वैश्विक स्तर पर भी यह बात स्पष्ट है कि, किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के हाथों में होता है। नेपाल के युवाओं ने इस बार भ्रष्टाचार और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ अपनी ताकत दिखाकर पूरे विश्व को एक सशक्त संदेश दिया है कि अब युवा पीढ़ी नेपो बेबीस यानी नेताओं के बच्चों और वंशवाद की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। युवाओं की इस ऊर्जा ने नेपाल की राजनीति को हिला कर रख दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या जनरेशन-जेड (गेन जेड) अब नेपाल का नया इतिहास लिखने जा रही है?

साथियों बात अगर हम नेपाल में हालात इस कदर हद तक बिगड़ बिगड़ने की करें तो, तीनों बड़ी पार्टियों,नेपाली कांग्रेस, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी और माओवादी सेंटर,के नेताओं के घरों मेंघुसकर लोगों ने मारपीट की, घरों को आग के हवाले कर दिया और वित्तमंत्री को सड़कों पर घसीटा गया। एक पूर्व प्रधानमंत्री के घर में आगजनी के दौरान उनकी पत्नी की मौत हुई तो उधर जनाक्रोश को और अधिक भड़का दिया। यह दृश्य केवल राजनीतिक विद्रोह का नहीं बल्कि व्यवस्था के खिलाफ पूर्ण असंतोष का प्रतीक है। युवाओं का यह क्रोध इस बात का संकेत है कि अब पारंपरिक राजनीति को बदलने का समय आ चुका है।

साथियों बात अगर हम नेपाल की स्थिति की तुलना श्रीलंका और बांग्लादेश से करने की करें तो,जहाँ हाल के वर्षों में आर्थिक संकट और राजनीतिकअस्थिरता ने जनता को

सड़कों पर ला दिया था। श्रीलंका में राष्ट्रपति भवन तक जनता का कब्जा, बांग्लादेश में चुनावी धांधली के खिलाफ आंदोलन और म्यांमार में सैन्य तख्तापलट ने दक्षिण एशिया की राजनीति को लगातार अस्थिर बना रखा है। अब नेपाल भी उसी राह पर चलते हुए सत्ता पलट की कगार पर पहुंच गया है। इसका सीधा संकेत है कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद से जूझ रहे समाजों में युवा अब चुप बिल्कुल नहीं बैठेंगे।

साथियों बात अगर हम नेपाल के इस पूरे घटनाक्रम में सोशल मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने की करें तो, नेपाल की लगभग 87 प्रतिशत आबादी मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करती है, जबकि 62 प्रतिशत लोग सक्रिय रूप से फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। ट्विटर और यूट्यूब पर भी युवा लगातार अपने विचार साझा कर रहे हैं। नेताओं के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया पर अपने आलीशान जीवन और लग्जरी छुट्टियों की तस्वीरें पोस्ट करना आग में घी का काम साबित हुआ। जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रही हो और नेता तथा उनके परिवार ऐशो-आराम की तस्वीरें साझा करें, तो यह जनता के लिए असहनीय हो जाता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया ने जनाक्रोश को संगठित आंदोलन में बदल दिया।

साथियों बात अगर हम भारत के पड़ोस में यहराजनीतिक उथल- पुथल चिंता का विषय होने की करें तो,नेपाल बांग्लादेश,श्रीलंका म्यांमार और पाकिस्तान सभी वर्तमान में या तो राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहे हैं या सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया में हैं। म्यांमार में सेना का शासन है, पाकिस्तान में सरकार और सेना के बीच टकराव है, श्रीलंका अब भी आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और बांग्लादेश में युवाओं के विद्रोह ने लोकतंत्र को झकझोर दिया है।इन सबके बीच नेपाल का यह आंदोलन दक्षिण एशिया में एक नई लहर पैदा कर सकता है।इतिहास की दृष्टि से देखें तो श्रीलंका,पाकिस्तान और म्यांमार कभी अखंड भारत का हिस्सा रहे थे। आज वे दक्षिण एशिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सभी देशों में एक जैसी राजनीतिक चुनौतियाँ दिखाई दे रही हैं, भ्रष्टाचार बेरोजगारी, परिवारवाद, लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी और युवा असंतोष। यही वजह है कि नेपाल की घटनाएँ केवल एक देश की समस्या नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति के लिए चेतावनी हैं।

साथियों बात अगर हम नेपाल के घटनाक्रम नेपाल में सत्ता पलट का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक होने की करें तो,भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक, आर्थिक और भौगोलिक संबंध हैं। दोनों देशों की खुली सीमा, व्यापार, पानी और ऊर्जा परियोजनाएँ भारत को नेपाल के साथ मजबूती से जोड़ती हैं।यदि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है तो इसका असर भारत की सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों की शांति और आर्थिक हितों पर अवश्य पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान जैसे देश नेपाल में बढ़ती अस्थिरता का फायदा उठाकर भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। इसलिए भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह नेपाल की स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समर्थन दे।

साथियों बात अगर हम युवाओं के जागरूकता की करें तो नेपाल का यह विद्रोह यह भी दशार्ता है कि दक्षिण एशिया के युवाओं में अब जागरूकता का स्तर काफी बढ़ चुका है। वे केवल भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। नेपो बेबीस और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ उठी यह आवाज अब केवल नेपाल तक सीमित नहीं रहेगी,बल्कि बांग्लादेश,श्रीलंका, पाकिस्तान और यहाँ तक कि भारत में भी राजनीतिक वंशवाद के खिलाफ नई बहस को जन्म देगी।आगे चलकर नेपाल के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि यह जनआंदोलन केवल सत्ता पलट तक सीमित न रह जाए, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी व्यवस्था में बदल सके। यदि यह आंदोलन केवल भावनाओं के आधार पर चला और संस्थागत सुधारों तक नहीं पहुँचा, तो नेपाल बार-बार उसी राजनीतिक अस्थिरता का शिकार होगा जो पिछले तीन दशकों से जारी है। लेकिन यदि युवा इस ऊर्जा को सही दिशा देते हैं, तो नेपाल न केवल खुद को बदल सकता है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए प्रेरणा बन सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नेपाल में युवाओं का आक्रोश, सत्ता पलट और दक्षिण एशिया की राजनीति-एक अंतरराष्ट्रीय विश्लेषणविश्व मैं युवा पीढ़ी ही अपनें देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाली है

नेपाल में भ्रष्टाचार व परिवारवाद के खिलाफ युवाओं के जबरदस्त आक्रोश को दुनियाँ के हर देश को संज्ञान में लेना जरूरी हैं।

(संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी)

संपादकीय

भगवा भाव न हो

एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। उनके पक्ष में 452 वोट पड़े। कुल 767 सांसद इस वोटिंग में शामिल हुए। 15 वोट अमान्य कर दिए गए। विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी थे, जिन्हें तीन सौ फर्स्ट प्रिफरेंस वोट मिले। राधाकृष्णन की जीत पहले से ही तय थी क्योंकि संख्या बल एनडीए के पक्ष में था। हालांकि क्रॉस वोटिंग का संदेह व्यक्त किया जा रहा था। उपचुनाव के लिए कुल 98.2% वोटिंग हुई। तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं। 1974 में जनसंघ की कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में तमिलनाडु भाजपा के सचिव बने। उसके बाद दो बार सांसद चुने गए पर कोयंबटूर से तीन बार हार का सामना भी किया। 2020-22 तक भाजपा केरल के चुनाव प्रभारी रहे। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बनाए गए। फिर 2024 में उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया। जुलाई में तब के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया था। साठ दिन के भीतर चुनाव कराना आवश्यक है। इसके लिए चुनाव आयोग निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करता है, जो किसी सदन का महासचिव होता है। उपराष्ट्रपति का चुनाव परोक्ष होता है, जिसमें राज्य सभा और लोक सभा के सांसद शामिल होते हैं। मनोनीत सांसद भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मतदान नहीं कर सकते। राधाकृष्णन को दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। विनम्र, मेधावी, मिलनसार और समाज सेवा को समर्पित राधाकृष्णन की तारीफ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह चुके हैं कि उन्हें खेलों में गहरी रुचि है पर वे राजनीति में खेल नहीं खेलते। कपड़ा उद्योग के माहिर व्यवसायी राधाकृष्णन तमिलनाडु में हिन्दुत्व की विचारधारा का नेतृत्व करते रहे हैं। इसलिए विपक्ष में सुगबुगाहट होना लाजिमी है कि उनका झुकाव धर्म विशेष की तरफ हो सकता है। दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने को बेताब भाजपा के लिए यह दूर की कौड़ी भी साबित हो सकती है। हालांकि नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के दामन पर किसी भी तरह के भ्रष्टाचार या पक्षपात जैसे आरोपों के छींटें नहीं हैं मगर कोयंबटूर में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। संवैधानिक पदों पर रह चुके सीपी राधाकृष्णन अपने पूर्ववर्ती से अधिक माहिर और पारदर्शी हो सकते हैं।

चिंतन-मनन

ज्ञेय और ज्ञान का संबंध

दर्शन के क्षेत्र में ज्ञान और ज्ञेय की मीमांसा चिरकाल से होती रही है। आदर्शवादी और विज्ञानवादी दर्शन ज्ञेय की स्वतंत्र सत्ता स्वीकार नहीं करते। वे केवल ज्ञान की ही सत्ता को मान्य करते हैं। अनेकांत का मूल आधार यह है कि ज्ञान की भांति ज्ञेय की भी स्वतंत्र सत्ता है। द्रव्य ज्ञान के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञेय है। ज्ञेय चैतन्य के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञान है। ज्ञेय और ज्ञान अन्योन्याश्रित नहीं हैं। ज्ञेय है, इसलिए ज्ञान है और ज्ञान है इसलिए ज्ञेय है, इस प्रकार यदि एक के होने पर दूसरे का होना सिद्ध हो तो ज्ञेय और ज्ञान दोनों की स्वतंत्र सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती। द्रव्य का होना ज्ञान पर निर्भर नहीं है और ज्ञान का होना द्रव्य पर निर्भर नहीं है। इसलिए द्रव्य और ज्ञान दोनों स्वतंत्र हैं। ज्ञान के द्वारा द्रव्य जाना जाता है, इसलिए उनमें ज्ञेय और ज्ञान का संबंध है। ज्ञेय अनंत है और ज्ञान भी अनंत है। अनंत को अनंत के द्वारा जाना जा सकता है। जानने का अगला पर्याय है कहना। अनंत को जाना जा सकता है, कहा नहीं जा सकता। कहने की शक्ति बहुत सीमित है। जिसका ज्ञान अनावृत्त होता है, वह भी उतना ही कह सकता है जितना कोई दूसरा कह सकता है। भाषा की क्षमता ही ऐसी है कि उसके द्वारा एक बार में एक साथ एक ही शब्द कहा जा सकता है।

हमारे ज्ञान की क्षमता भी ऐसी है कि हम अनंतधर्मा द्रव्य को नहीं जान सकते। हम अनंत-धर्मात्मक द्रव्य के एक धर्म को जानते हैं और एक ही धर्म का प्रतिपादन करते हैं। एक धर्म को जानना और एक धर्म को कहना नय है। यह अनेकांत और स्याद्वाद का मौलिक स्वरूप है। उनका दूसरा स्वरूप है प्रमाण। अनंत-धर्मात्मक द्रव्य को जानना और उसका प्रतिपादन करना प्रमाण है। हम अनंतधर्मा द्रव्य को किसी एक धर्म के माध्यम से जानते हैं। इसमें मुख्य और गौण दो दृष्टिकोण होते हैं। द्रव्य के अनंत धर्मों में से कोई एक धर्म मुख्य हो जाता है और शेष धर्म गौण। नय हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिसमें हम केवल धर्म को जानते हैं, धर्मों को नहीं जानते। प्रमाण हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिससे हम एक धर्म के माध्यम से समग्र धर्मों को जानते हैं।

भारत का लोकतंत्रः चुनौतियों के बावजूद मजबूत

दिलीप कुमार पाठक

पिछले कुछ सालो में दक्षिण एशिया के देशों में भी जनता में गहरा असंतोष देखने को मिला है.. एक साल पहले श्रीलंका की जनता ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को देश छोड़ कर भाग जाने के लिए मजबूर कर दिया था, और राष्ट्रपति भवन में कब्जा जमा लिया था... यही बांग्लादेश में घटित हुआ, ऐसे ही पाकिस्तान में भी राजनीतिक अस्थिरता देखने को मिलती रहती है... कुछ ही साल पहले म्यांमार में भी तख्तापलट कर दिया गया था... अभी बीते कुछ दिनों से नेपाल के युवाओं में गहरा असंतोष देखने को मिला, वहाँ की सरकार ने इन्टरनेट बंद करके युवाओं के आंदोलन को कुचलने की नाकाम कोशिशे की लेकिन युवाओं ने नेपाल की संसद भवन को ही फूंक दिया.. एक ही दिन में प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया। नेपाल की सडकों में मंत्रियों को दौड़ा - दौड़ा कर पीटा.. सर्वदलीय बैठक में सामूहिक इस्तीफे देने के बाद देश को सुचारू रूप से चलाने की बात प्रधानमंत्री ने की.... सोचिए अगर नेपाल के प्रधानमंत्री इतने लोकतांत्रिक होते तो क्या नेपाल में ये स्थिति पैदा होती? बिल्कुल भी नहीं। नेपाल के प्रधानमंत्री के लिए ये कहावत फिट बैठती है कि जब चिड़िया चुग गईं खेत तो अब पछताए होत का...

पिछले एक दशक से देश में भाजपा की सरकार है, जिसे कांग्रेस सहित देश की अन्य पार्टियां तानाशाही सरकार कहकर संबोधित करती हैं। जब भी किसी देश में जनता के द्वारा या सैन्य तख्तापलट होता है तो हमारे देश में एक बहस चलने लगती है कि हमारे देश में ऐसे तख्तापलट हो सकता है क्या.. जिसका सीधा सा जवाब है कि भारतीय लोकतंत्र में ऐसा होना मुश्कि ल ही नहीं नामुमकिन है। नेपाल, अफगानिस्तान, श्रीलंका, जैसे देशों की तुलना भारत के लोकतंत्र के साथ नहीं हो सकती.... ये छोटे - छोटे मुल्क हैं, वहाँ ये सब हो जाना बहुत बड़ी बात नहीं है। वहाँ का क्षेत्रफल, जनसंख्या, समस्याएं भारत से बिल्कुल ही अलग हैं। छोटे - छोटे देशों में व्यवस्था परिवर्तन, सत्ता परिवर्तन जितना आसान होता है भारत जैसे देश में इतना आसान नहीं होता। नेपाल, बांग्लादेश जैसे देशों में भारत जैसे बहुराज्य नहीं है, हालांकि भारत में बहुत से राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं, जिससे ये नहीं कहा जा सकता कि पूरा देश सत्ता के हाथ में है दूसरा ये कि अन्य राज्य चुनावो में भाजपा हारती भी है, यही कारण है कि ऐसे मुद्दे हवा हो जाते हैं। भारत में सभी की अपनी अलग - अलग समस्याएं हैं। भारत में जहां अधिकांश लोगों को सरकार फ्री की रेवड़ी बांटकर पाल रही है, वहाँ जनता के पास सड़क पर उतरने का माद्दा नहीं है। भारत एक विशाल विविधता वाला देश है, इसलिए यहां कुछ संगठन सत्ता पर कब्जा नहीं जमा सकते... दूसरी बात यहां मार्शल लॉ की भी गुंजाइश नहीं है, पढ़िए नेहरू जी ने 1952 में ही इन्तजाम कर दिया था। भारतीय लोकतंत्र की प्राचीर बहुत मजबूत है वो झोंकों से कमजोर नहीं होगी...एक बात और ये जो आपको संविधान बदलने वाली बात कही जाती है वो सिर्फ.एक जुमला है, १५ भी एक जुमला है....विपक्ष जहां जीत जाता है,वहीं १५ का बहाना ध्वस्त हो जाता है..

अभी कुछ दिनों पहले राहुल गांधी ने वोट चोरी कैसे होता है उसे समझाया था, की प्रेस कांफ्रेंस वाला मुद्दा अगर लोगों तक पहुंच गया तो जनता समझ पाएगी। इसी मुद्दे पर सरकार बैकफुट पर आ गई थी.. अभी कुछ दिनों पहले राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस की थी वो ही सत्य है, दूसरी बात संविधान बदलने चुनाव न कराने जैसी गलतियां भारत में कभी नहीं हो सकतीं... वर्तमान सरकारी चला रहे लोगों को पता चल गया है कि व्यवस्था का फायदा कैसे उठाते हैं... अगर आपको लगता है कि नेपाल जैसा भारत में होगा तो आप राजनीतिक रूप से अपरिपक्व हैं...हाँ इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि भारत की सरकार मनमानी कर रही है, परंतु भारत की स्थिति नेपाल बांग्लादेश जैसे हो सकती है ये भारत में मुमकिन नहीं है। भारत का मीडिया सबसे ज्यादा भृष्ट है, यही कारण है कि देश के लोगों की राजनीतिक चेतना दिन प्रति दिन कम होती जा रही है... जिस वक़्त में देश की मीडिया के सशक्त होने की आवश्यकता थी, तब भारत का मीडिया सरकार एवं कार्पोरेट के सामने बिक गया है। सरकार से तमाम असहमति के बावजूद भी भारत के लोकतंत्र में निरंतर सुधार की कामना करना चाहिए, न कि तख्तापलट की कामना करना चाहिए। भारत का लोकतंत्र हमारे देश के महान नेताओ की देन है हम सब को इसकी रक्षा करनी होगी इसी की रक्षा में हमारी रक्षा निहित है।

(लेखक पत्रकार हैं) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

उपराष्ट्रपति चुनाव : एक तीर से कई निशाने साधे एनडीए ने

ललित गर्ग

सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार एवं तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त कर 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में जीत दर्ज की। यह ऐतिहासिक घटना भारतीय राजनीति में बदलते समीकरणों और भविष्य की दिशा का भी संकेत है। राधाकृष्णन का चुना जाना न केवल एनडीए और भाजपा की रणनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, बल्कि इस बात का भी प्रमाण है कि व्यक्ति चयन की प्रक्रिया को उन्होंने केवल राजनीतिक समीकरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें व्यापक सामाजिक-राष्ट्रीय दृष्टिकोण भी जोड़े। उपराष्ट्रपति पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है, जहां राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो जाता है।

इस जीत के कई निहितार्थ हैं। पहला, यह भाजपा और एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करती है। दूसरा, यह विपक्षी इंडिया गठबंधन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों को उजागर करती है। तीसरा, यह भविष्य की राजनीति की उस दिशा को दशार्ती है, जहां व्यक्तिगत ईमानदारी, सामाजिक स्वीकार्यता और राष्ट्रीय दृष्टि को अधिक महत्त्व मिलेगा। यह कदम भाजपा की उस राजनीति की

भी झलक देता है, जहां वह केवल चुनावी जीत की ओर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन सांस्कृतिक-वैचारिक स्थिरता की ओर अग्रसर है। कहा जा सकता है कि चुनाव में एक तीर से अनेक निशाने साधे गए हैं, एनडीए की शक्ति का प्रदर्शन, विपक्ष को स्पष्ट संदेश, संवैधानिक गरिमा की रक्षा और भविष्य की राजनीति में व्यक्ति चयन की एक नई परंपरा का सूत्रपात।

भाजपा ने एक और तीर साधा है। जैसाकि तमिलनाडु की राजनीति परंपरागत रूप से द्रविड़ आंदोलनों और क्षेत्रीय पहचान से प्रभावित रही है, जहां कई दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। भाजपा के लिए इस राज्य में राजनीतिक जमीन तैयार करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज 4 सीटें मिलीं जबकि एनडीए गठबंधन को 66 सीटों पर सफलता मिली। स्पष्ट है कि तमिलनाडु में भाजपा की पकड़ कमजोर है, और उसे क्षेत्रीय भावनाओं, भाषा और संस्कृति से जुड़े सवालों पर गहरी पैठ बनाने की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बना कर रणनीतिक दांव खेला है। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, और उनकी पहचान को आगे रखकर भाजपा राज्य की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाना चाहती है।

संदेश देना चाहती है कि वह तमिल अस्मिता, संस्कृति और क्षेत्रीय नेतृत्व को सम्मान देती है। राधाकृष्णन के चुने जाने से भाजपा को उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों में वह अपनी उपस्थिति और प्रभाव को विस्तार दे सकेगी और द्रविड़ राजनीति के प्रभुत्व को चुनौती देने का आधार बना सकेगी। भारत का उपराष्ट्रपति पद एवं उनका कार्यालय भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और संतुलन का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति संसद के उच्च सदन का अध्यक्ष होने के कारण संवाद, विचार और लोकतांत्रिक विमर्श की आत्मा को दिशा देते हैं। इस पद को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे दार्शनिक, विचारक और शिक्षाविद ने अपने व्यक्तित्व और कार्य से ऊंचाई दी तब यह पद राष्ट्र के सांस्कृतिक, नैतिक और बौद्धिक आदशरे का संवाहक बन गया। उनके माध्यम से संदेश गया कि उपराष्ट्रपति का पद केवल राजनीतिक महत्त्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण और विकास का भी दायित्व वहन करता है। रचनात्मक व्यक्तित्व को उपराष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित करना भारतीय राजनीति की उज्ज्वल परंपरा को बढ़ाने का संकेत है। यह बताता है कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती केवल सत्ता-संघर्ष में नहीं, बल्कि उच्च पदों पर ऐसे व्यक्तित्वों के चयन में निहित है, जो नैतिकता, विद्वत्ता और संवेदनशीलता से लोकतंत्र की गुणवत्ता को बढ़ाएं। डॉ. राधाकृष्णन की परंपरा को स्मरण करते हुए आवश्यक है कि उपराष्ट्रपति पद निरंतर आदर्शवाद, विमर्श की गहराई और राष्ट्रीय मूल्यों की ऊर्जा का केंद्र बना रहे।

राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने से राज्य सभा की कार्यवाही में संयम और संवाद की संस्कृति मजबूत होगी। उपराष्ट्रपति पद का दायित्व केवल औपचारिक नहीं होता, बल्कि संसद की गरिमा और संविधान की मयार्दा का संरक्षक भी होता है। दक्षिण भारत से आना और ओबीसी समुदाय से होना उन्हें सामाजिक-राजनीतिक संतुलन का प्रतिनिधि बनाता है। उनका जीवन कर्मयोगी की तरह रहा है। उन्होंने किसी भी पद को शक्ति के रूप में नहीं देखा, बल्कि सेवा और कर्त्तव्य निभाने का अवसर माना। अब वे सत्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल प्रारंभ रहे हैं, तो आशा की जा सकती है कि संसद में शांति, लोकतांत्रिक परंपराओं और संवाद के स्तर को ऊंचाई देंगे। उनका अनुभव, धैर्य और समर्पण देश की लोकतांत्रिक संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

